654वीं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की बैठक
दिनांक 16 जून 2023

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्राप्त परियोजनाओ के तकनीकी परीक्षण हेतु राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) की 654वीं बैठक दिनांक 16/06/2023 को डॉ. पी.सी. दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्य स्वयं/वीडियों कॉफ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित रहें :–

1. श्री राघवेन्द्र श्रीवास्तव, सदस्य ।
2. प्रो. (डॉ.) रूबीना चौधरी, सदस्य ।
3. डॉ. ए.के. शर्मा, सदस्य ।
4. प्रो. अनिल प्रकाश, सदस्य ।
5. डॉ. जय प्रकाश शुक्ला, सदस्य ।
6. डॉ. रवि बिहारी श्रीवास्तव, सदस्य ।
7. श्री चन्द्र मोहन ठाकुर, सदस्य सचिव ।

सभी सदस्यों द्वारा अक्ष्यक्ष महोदय के स्वागत के साथ बैठक प्रारंभ करते हुए बैठक के निर्धारित एजेण्डा अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्राप्त प्रोजेक्ट्सों का तकनीकी परीक्षण निम्नानुसार किया गया :–

1. <u>Case No 9861/2023 M/s Girija Colonizer, 1st Floor, Hotel Surendra Vilas, 240, Zone-1, MP Nagar Bhopal (MP)-462011. Prior Environment Clearance for Construction of "Surendra Vihar-II at Khasra No. 410/1, 410/2, 410/3, 410/4, 410/5, 410/6, 411/1, 411/, 404/1/2, 493/404/412/1, 404/3/2, 43/404, 412/4, 404/4/2, 493, 404, 412/4, 404/2/2, 493, 412/2, Village-Bagmugalia, Tehsil-Kolar, District-Bhopal, (MP)</u>

This is case of Construction of "Surendra Vihar-II at Khasra No. 410/1, 410/2, 410/3, 410/4, 410/5, 410/6, 411/1, 411/, 404/1/2, 493/404/412/1, 404/3/2, 43/404, 412/4, 404/4/2, 493, 404, 412/4, 404/2/2, 493, 412/2, Village-Bagmugalia, Tehsil-Kolar, District-Bhopal, (MP).

In the SEAC 645th the meeting dated 15.05.2023 the case was presented by Env. Consultant Shri Umesh Mishra from M/s. Creative Enviro Services, Bhopal (MP) and Shri Rohit Malhotra Authorized Signatory on behalf of PP. After appraisal The EC was recommended in the SEAC 645th the meeting dated 15.05.2023.
Vide SEIAA letter dated 642 dated 06.06.2023 mentioned in their 790th meeting dated 31.05.2023 following has recorded that:

*" राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (**SEIAA**) द्वारा प्रकरण में गूगल ईमेज अनुसार विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत निर्णय लिया गया कि गूगल ईमेज से प्रतीत होता है कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा बिना पर्यावरण स्वीकृति के सड़क निर्माण कार्य कर दिया गया है। चूँकि प्रकरण **SEAC** द्वारा पर्यावरण स्वीकृति हेतु अनुशंसित है अतः प्रकरण **Violation** श्रेणी के अंतर्गत आता है अथवा नही के संबंध मे स्पष्ट अभिमत सहित अनुशंसा हेतु प्रकरण **SEAC** को पुनः परीक्षण एंव स्थल निरीक्षण हेतु अग्रेषित किया जाये । तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को सूचित किया जाये। "*

Hence, the case was scheduled for presentation in the SEAC 654th the meeting dated 16.06.2023. Wherein the case was presented by Env. Consultant Shri Umesh Mishra from M/s. Creative Enviro Services, Bhopal (MP) and Shri Rohit Malhotra Authorized Signatory on behalf of PP. PP submitted following details pertaining to proposal of environment clearance for proposed Residential Complex " Surendra Vihar -II" of M/s Girija Colonizer, Bhopal (MP), raised in the SEIAA meeting 790th meeting. PP stated that the said land was purchased by us in 1999-2000 and the roads existing at site since we had purchased the land. This fact is evident from the dilapidated conditions of the roads. Further to that it is more evident from the fact that the layout of the said road does not match with the Layout sanctioned by the T&CP in the 10th June 2022. If it would have been constructed by us after having permission from T&CP in year 2022, the layout of road must have matched with the proposed township. Kindly note that the said road was there since 2000 which is also prior to permission of T&CP as well as EIA notification 2006. We once again submit that the said roads had not been constructed by us.

- Very Humbly, in the case of building project, environment clearance is required to those project which are having built up area more than 20000 sq mtrs. The EIA Notification 2006catgorily state word " **Built up area"** at the item no 08 . **We are hereby reproducing the Table From EIA notification for ready reference**
-

Project or Activity	**Category with threshold limit**			**Conditions if any**
		A	**B**	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
Building /Construction projects/Area Development projects and Townships				
8(a)	Building and Construction projects		≥20000 sq. mtrs and <1,50,000 sq. mtrs. of built-up area#	**#(built up area for covered construction; in the case of facilities open to the sky, it will be the activity area)**

- Considering the above table , it is clear that Built-up area is defined as covered construction i.e. Basement, Staircases, covered balcony, rooms, corridor . whereas Lawn, Roads, Boundary wall which are open to the sky does not considered for built up area. Gazette notification SO 695 dated 4 .4.2011 of MoEf&CC also clarify and define the meaning of built-up area for the building **project (copy enclosed) .**
- In the EIA notification 2006 , it has also been mentioned that EC is applicable on the constructed built-up area , if it open to the sky , it will be an activity area which is not covered under EIA notification. Even letter of environment clearance always issued for Built-up Area only. **That is the reason, plotted development project does not require EC though these project consist road, boundary wall, STP and**

other facilities. Hence the said road does not come in the definition of built up area as mentioned in So 695 also.

- Further We would also like to draw kind attention that MoEf&CC has issued OM dated 29th March 2022 wherein the type of activities which are allowed prior to EC has been mentioned for those projects which require environment clearance under EIA notification 2006 **.**
- The EIA notification speaks about "**built-up area"** and in the subject case none of built up area has been constructed till date even no foundation has been done for any block. As far as road is concerned , it is open to the sky hence it will not considered as built-up area rather it is an activity area.
- Considering the above facts, we humbly request you that kindly consider the case for environment clearance as no violation has been done till date which may also be seen over google earth.

The committee observed the road is existed since year 2012 in the Google time line and it was also observed that the Layout sanctioned by the T&CP in the 10th June 2022. Hence doesn't come into violation category . Hence, standby earlier recommendation as made in SEAC 645th the meeting dated 15.05.2023.

2. <u>Case No 9171/2022 Shri Kishan Singh Chouhan, Owner, Village - Sada, Tehsil - Bahoribandh, Dist. Katni, MP - 483331 Prior Environment Clearance for Stone Quarry in an area of 1.0 ha. (8000 Cum per annum) (Khasra No. 412 Part), Village - Sada, Tehsil - Bahoriband, Dist. Katni (MP) EIA Consultant: Cognigance Research India (P) Ltd., Noida (U.P.).</u>

This is case of Stone Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 412 Part), Village - Sada, Tehsil - Bahoriband, Dist. Katni (MP) 1.0 ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

प्रकरण समिति की पूर्व की 574वीं बैठक दिनांक 29/05/22 को प्रस्तुतीकरण हेतु सूचीबद्ध था किंतु परियोजना प्रस्तावक एवं उनके पर्यावरणीय सलाहकार ऑन लाईन/ऑफ लाईन प्रस्तुतीकरण हेतु समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए है । अतः समिति ने निर्णय लिया कि परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तुतीकरण हेतु अंतिम अवसर देते हुए प्रकरण आगामी बैठक में रखा जाये तथा यदि फिर भी परियोजना प्रस्तावक अनुपस्थित रहते है तो इस प्रकरण निरस्त (डिलिस्ट) करते एसईआईएए को अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा जावें।

प्रकरण आज बैठक क्रमांक 577वीं दिनांक 11/06/22 एवं समिति की पूर्व की 574वीं बैठक दिनांक 29/05/22 प्रस्तुतीकरण हेतु सूचीबद्ध था किंतु परियोजना प्रस्तावक प्रस्तुतीकरण हेतु समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए है । समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को 02 प्रस्तुतीकरण के अवसर दिये जाने के बाद भी परियेाजना प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित नहीं और न ही उनके द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर समय

चाहा गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि परियोजना प्रस्तावक इस प्रोजेक्ट में पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी कार्यवाही करने में रूचि नहीं ली जा रही है । अतः इस प्रकरण को नस्तीबद्ध (Delist) करते हुए सिया को आगामी कार्यवाही हेतु भेजा जाना अनुशंसित है।

परियोजना प्रस्तावक के ई–मेल दिनांक 09/06/202 के द्वारा प्रकरण को रिलिस्ट किये जाने के अनुरोध अनुसार सिया के पत्र क्रमांक 1176 दिनांक 15/07/22 द्वारा प्रकरण को रिलिस्ट कर सेक को परीक्षण हेतु प्रेषित किया गया है ।

प्रकरण सेक की 586वीं बैठक दिनांक 21/07/22 को प्रस्तुतीकरण हुआ था, जिसमें परियोजना प्रस्तावक श्री किशन सिंह चौहान और उनकी ओर पर्यावरण सलाहकार श्री संचित कुमार, मेसर्स कांग्नीजेंस रिसर्च इंडिया प्रा.लि., नोएडा, उ.प्र. ऑनलाईन उपस्थित हुए । प्रकरण की विवेचना के दौरान समिति ने पाया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा पुरानी जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट ऑन लाईन अपलोड की गई है जिसमें प्रश्नाधीन खदान का उल्लेख नही है । यहॉ यह भी उल्लेखनीय है कि आज दिनांक तक कटनी जिले की नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट सेक में परीक्षण हेतु प्राप्त नहीं हुई है । अतः इस स्थिति में इस प्रकरण पर पर्यावरणीय अभिस्वीकृति हेतु विचार किया जाना संभव नहीं है साथ ही समिति की यह भी अनुशंसा है कि प्रकरणों को ऑनलाईन स्वीकार करते समय उपरोक्त स्थिति का ध्यान रखा जाये ताकि प्रकरणों के लम्बित रहने की स्थिति न बने ।

सिया की 785वीं बैठक दिनांक 10/05/23 द्वारा सेक को परीक्षण हेतु प्रेषित किया गया है । प्रकरण समिति की 654वीं बैठक दिनांक 16/06/23 को प्रस्तुतीकरण हेतु नियत है, जिसमें परियोजना प्रस्तावक श्री किशन सिंह चौहान और उनकी ओर पर्यावरण सलाहकार श्री संचित कुमार, मेसर्स कांग्नीजेंस रिसर्च इंडिया प्रा.लि., नोएडा, उ.प्र. ऑनलाईन उपस्थित हुए । परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस खदान का विवरण जिले की अनुमोदित नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज नं.–67 के सरल क्रमांक – 25 पर दर्ज है। आवेदित क्षेत्र वन सीमा (पी.एफ. 221 ई) से 220 मी. की दूरी पर है इस संबंध में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि कार्यालय आयुक्त, संभागीय कार्यालय से इस शर्त पर अनुमति प्राप्त है, कि वन सीमा के छोटे झाड़ जंगल से 50 मी. तक की दूरी तक भविष्य में कोई उत्खनन नही करेगा एंव वन भूमि से 50 मी0 की दूरी छोडकर उत्खनन पट्टा क्षेत्र की तार फेंन्सिग करेगा। प्रस्तुतीकरण के दौरान अनुमोदित माइन प्लॉन में उल्लेखित अक्षांश–देशांस के आधार पर गूगल एमेज अनुसार प्रश्नाधीन खदान दक्षिण–पूर्वी ओर खुदी हुई है परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस खदान को पूर्व मे अस्थायी अनुज्ञा जारी की गई थी पूर्व में स्वीकृत अस्थाई उत्खनन् अनुज्ञा के गढ़ढे हैं तथा हमे यह खदान इसी स्थिति में प्राप्त हुई है तथा इन गढ़ढों को सर्फेस मेप मे दर्शाया गया है। प्रश्नाधीन खदान के पश्चिम दिशा मे 180 मी. की दूरी पर एक पक्का रोड़ है एंव उत्तर दिशा में 185 मी. की दूरी पर एक जल रोकने की संरचना है। अतः तत्संबंध में आवश्यक सेडबेक प्रस्तावित किया जाकर पुनरिक्षित सर्फेस मेप प्रस्तुत करें।

3. <u>Case No 9773/2023 M/s Maa Narmada Stone Enterprises, Authorized Person, Shri Arun Kumar Agrawal, 26, Commercial Housing Board Colony, District-Katni (MP)-484660 Prior Environment Clearance for Tala Stone Quarry in an area of 1.530 ha. (26,296 Cum per annum) (Khasra No. 191 Private) Village-Tala, Tehsil-Chandia, District-Umaria (MP)</u>

This is case of Stone Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 191 Private) Village-Tala, Tehsil-Chandia, District-Umaria (MP) 1.530 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

प्रकरण राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) की बैठक क्रमांक 634वीं दिनांक 07/04/23 को प्रस्तुत हुआ है जिसमे परियोजना प्रस्तावक श्री अरूण कुमार अग्रवाल (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरण सलाहकार श्री संचित कुमार, मेसर्स कॉग्नीजेंस रिसार्च इंडिया (प्रा. लि.) नोयडा उपस्थित हुए। प्रकरण में परीक्षण में पाया गया कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) का एकल–प्रमाण पत्र क्रमांक 2259 दिनांक 23/11/22 अनुसार प्रस्तावित खदान के 500 मीटर की परिधि में अन्य कोई खदान स्वीकृत/संचालित होने की जानकारी नही दी गई है, अतः प्रश्नाधीन प्रकरण बी–2 श्रेणी के अंतर्गत आता है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा माईन प्लॉन के अक्षांश–देशांश के आधार पर गूगल इमेज अनुसार खदान निजी भूमि पर आवंटित है, जिसके पूर्वी दिशा में 140 मीटर पर पक्का रोड़ तथा उत्तर दिशा में 80 मीटर पर पक्का रोड़ है । परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि उत्तर दिशा में पक्के रोड़ के कारण 20 मीटर का सेटबैक प्रस्तुतीकरण में छोड़ा गया गया है। इसी प्रकार आवंटित खनन् क्षेत्र के उत्तर–पश्चिम में 60 मीटर की दूरी पर तालाब है, जिस हेतु परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि तालाब के कारण 40 मीटर का सेटबैक प्रस्तुतीकरण में छोड़ा गया गया है। परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि सेटबैक छोड़ने के कारण लगभग 01.00 हे. क्षेत्र में खनन् किया जावेगा जो स्वीकृत क्षमता 26,296 घनमीटर/वर्ष हेतु उपयुक्त है । उक्त खदान नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज क्र0. 68 एंव सरल क्र0. 11 पर दर्ज है।

प्रस्तुतीकरण के दौरान पाया गया कि एकल प्रमाण पत्र क्रमांक 2259 दिनांक 23/11/21 अनुसार आवेदित स्थल बॉधवगढ़ टाईगर रिजर्व की कोर सीमा से 2.80 किलोमीटर की दूरी पर है । समिति ने पाया कि बॉधवगढ़ टाईगर रिजर्व का ईको सेसेटिव जोन 2.0 किलोमीटर घोषित है । परियोजना प्रस्तावक ने अवगत कराया कि उनके द्वारा कार्यालय क्षेत्र संचालक, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, उमरिया म. प्र. ने पत्र क्रमांक 1176 दिनांक 24/02/23 के द्वारा सूचित किया है कि आवेदित स्थल जीपीएस रीडिंग अनुसार उक्त स्थल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की कोर सीमा से 6.703 कि.मी. एवं बफर/ईको सेंसेटिव जोन से 2.178 कि.मी. पर स्थित होना मानचित्र में दर्शित है । समिति का सुझाव है कि वन सीमा की ओर गेम प्रूफ चेनलिंक फेसिंग की जाये । परियेाजना प्रस्तावक ने यह भी अवगत कराया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का ईको सेंसेटिव जोन की सीमा 2 किलोमीटर तक है, अतः आंवटित खनन् स्थल आवंटित ईको सेंसेटिव सीमा से बाहर है । परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती हैः–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता स्टोन 26,296 मी^{3} प्रति वर्ष ।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 13.88 लाख एवं रिक्ररिंग राशि रू. 05.97 लाख प्रति वर्ष ।
3. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 01.60 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 02 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

सी. ई. आर. गतिविधि					
क्र.	**गतिविधि**	**उपकरण सामग्री**	**कंपनी**	**संख्या**	**राशि**
1.	गांव ताला के प्राथमिक विद्यालय में कंप्यूटर का वितरण किया जावेगा	Computer	HP/DELL	01	30,000/-
2.	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्राम ताला में स्वास्थ्य सम्बन्धी उपकर्णो का वितरण किया जावेगा	ECG Machine With Report	Medonics	01	50,000
		Radiant Warmer	BLT Monitoring Company	01	35,000
		Refrigerator	LG	01	15,000
		Wheel Chair -3 Stretcher - 2	-	08	30,000
			योग		**1,60,000/-**

4. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 1840 वृक्षों का वृक्षारोपण :–

क्रं.	**प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियत स्थान**	**पौधों की प्रजातियॉ**	**मात्रा**
1.	बैरियर जोन	सागौन, काला सिरस, नीम खमेर,एवं करंज एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ।	**1000**
2.	परिवहन मार्ग (न्यूनतम ऊॅचाई 01 मीटर)	काला सिरस, नीम, शीशम (सिस्सू), कंरज एवं अन्य स्थानीय प्रजातीय । ट्री–गार्ड के साथ।	**150**
3.	ताला स्कूल, पंचायत एवं आगनवाडी के प्रांगण में	नीम कदम, पीपल, करंज एवं अशोक।	**110**
4.	ताला ग्राम वासियों मे वितरण हेतु	जामुन, मुनगा, कटहल नीबू, महुआ अमरूद नीम एवं अन्य स्थानीय प्रजातिया।	**580**
		योग	1840

सिया की 783वीं बैठक दिनांक 03/05/23 द्वारा सेक को परीक्षण हेतु प्रेषित किया गया है । प्रकरण समिति की 654वीं बैठक दिनांक 16/06/23 को प्रस्तुतीकरण हेतु नियत है,

अक्षांश–देशांश के आधार पर गूगल इमेज अनुसार खदान निजी भूमि पर आवंटित है, जिसके पूर्वी दिशा में 140 मीटर पर पक्का रोड़ तथा उत्तर दिशा में 80 मीटर पर पक्का रोड़ है । परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि उत्तर दिशा में पक्के रोड़ के कारण 20 मीटर का सेटबैक प्रस्तुतीकरण में छोड़ा गया गया है। इसी प्रकार आवंटित खनन् क्षेत्र के उत्तर–पश्चिम में 60 मीटर की दूरी पर तालाब है। मा0. एन.जी. टी. के ओ.ए. न0. 304/2019 एंव सी.पी.सी.बी. गाईडलाईन के अनुसार पत्थर खनन प्रक्रिया मे ब्लास्टिंग के लिये 200 मी. दूरी छोड़ने के पश्चात् न्यूनतम खनन हेतु क्षेत्र उपलब्ध हो रहा है। अतः पुनः परीक्षण हेतु सेक को अग्रषित किया जाये।

परियोजना प्रस्तावक श्री अरूण कुमार अग्रवाल (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरण सलाहकार श्री संचित कुमार, मेसर्स कॉग्नीजेंस रिसार्च इंडिया (प्रा.लि.) नोयडा उपस्थित हुए। परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस माइनिंग प्लान के चेप्टर 4.5 मे नॉन ब्लास्टिंग का प्रस्ताव दिया गया है। अतः आवश्यक खनन हेतु क्षेत्र उपलब्ध हो रहा है। अतः समिति ने चर्चा उपरांत अपनी पूर्व की 634वीं बैठक दिनांक 07/04/23 मे पर्यावरण स्वीकृति की अनुशंसा को यथावत रखने का निर्णय लिया है।

4. <u>Case No 8777/2021 Shri Vishwajeet Singh S/o Shri Mahipal Singh Baghel, M.G. Road, Sonkutchh, Dist. Dewas, MP Prior Environment Clearance for Stone Quarry in an area of 3.75 ha. (50009 Cum per annum) (Khasra No. 762), Village - Arniya Jagir, Tehsil - Sonkatch, Dist. Dewas (MP).</u>

This is case of Stone Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 762), Village - Arniya Jagir, Tehsil - Sonkatch, Dist. Dewas (MP) 3.75 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) की बैठक क्रमांक 528वीं दिनांक 23/11/2021 में टॉर (TOR) की अनुशंसा की गई थी । राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, भोपाल द्वारा परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ई.आई.ए. रिपोर्ट राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) को ऑन लाईन प्रेषित की गई है।

प्रकरण सेक की पूर्व 608वीं बैठक दिनांक 06/12/22 को परियोजना प्रस्तावक श्री विश्वजीत सिंह (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरण सलाहकार श्री राहुल यादव, मेसर्स अमलतास इंवायरो इण्डस्ट्रीयल कंसलटेंट, एलएलपी, गुरूग्राम हरियाणा उपस्थित हुए। परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि उनके द्वारा इस प्रकरण में पूर्व उनके द्वारा पर्यावरणीय सलाहकार मेसर्स ग्लोबल मैनेजमेंट एण्ड इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंटरनेशनल, जयपुर को अधिकृत किया गया था, जिनकी नेबिट एक्रीडिएशन सर्टिफिकेट की वैधता दिनांक 07/11/22 को समाप्त हो चुकी थी और मेरे प्रोजेक्ट में बिलंब न हो, इस दृष्टिकोण से मेरे द्वारा मेसर्स ग्लोबल मैनेजमेंट एण्ड इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंटरनेशनल, जयपुर के स्थान पर मेसर्स अमलतास इंवायरो इण्डस्ट्रीयल कंसलटेंट, एलएलपी, गुरूग्राम हरियाणा से अनुबंध किया गया है, जिसकी सूचना सिया एवं सेक को दिनांक 30/11/22 को ई–मेल कर दिया गया है, जो प्रस्तुतीकरण में दिया गया है ।

प्रस्तुतीकरण के दौरान यह पाया गया कि खदान पहाड़ी क्षेत्र में आवंटित है । प्रस्तुतीकरण के दौरान पाया गया कि ई.आई.ए. के साथ खदान के को–आर्डिनेट के साथ जो गूगल इमेज अपलोड की गई है, वह टॉर के समय प्रस्तुत गूगल इमेज से भिन्न है, क्योंकि टॉर के समय जो इमेज अपलोड की गई थी उसमें पूर्व एवं उत्तर दिशा में स्थित रोड़ लगभग 24–25 मीटर की दूरी पर थी जबकि ई.आई.ए. के साथ अपलोड इमेज में यह रोड़ अब खनन् क्षेत्र के अंदर आ रही है । परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि नये परिवेश पोर्टल पर कोआरडिनेट अपलोड करते समय पूर्व दिशा में एक कोआरडिनेट गलत अपलोड हो गया था जिस कारण गूगल इमेज अलग प्रतीत होती है किंतु ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं प्रस्तुतीकरण में वही इमेज अपलोड है जो टॉर के समय दिखाई गई थी अतः इसे मान्य किये जाने का अनुरोध है। खदान के पूर्वी दिशा में 12 से 40 मीटर पर तथा उत्तर दिशा में 85 मीटर पर आबादी के संदर्भ मे परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि पूर्वी एवं उत्तर दिशा में जो मकान है वह आस–पास की खदानों के साईट आफिस तथा खदानो में कार्य करने वाले मजदूरो के अस्थायी निवास है तथा ग्रामीण आबादी पश्चिम दिशा में है जो आवंटित खनन् क्षेत्र से 270 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसी प्रकार आवंटित खनन् क्षेत्र के बीच में एक सिविल संरचना है जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि यह पुराने क्रेशर का हापर मशीन है जो खनन् करते समय पुर्नस्थापित करली जायेगी । प्रस्तुतीकरण के दौरान पाया गया कि आवंटित खनन् क्षेत्र की पूर्व दिशा में 25 मीटर तथा उत्तर दिशा में 40 मीटर पर पक्का रोड़ निकल रहा है जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि यह दोनो ग्रामीण सड़क है तथा इनके सरंक्षण हेतु पूर्व दिशा में 25 मीटर का तथा उत्तर दिशा में 10 मीटर का सेटबेक एम.एम.आर. 1996 के अनुसार प्रस्तुतीकरण में दिया गया है तथा वृक्षारोपण योजना में इन रोड़ के समीप स्थित खनन् क्षेत्र में 03 पक्तियों में वृक्षारोपण प्रस्तावित किया गया है ।

प्रकरण के प्रस्तुतीकरण में पाया गया कि आवंटित खनन् क्षेत्र का कुछ भाग खुदा हुआ है जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि उनको इसी स्थिति यह स्थल आवंटित हुआ है तथा माईन पिट सरफेस मेप पर दिखाया गया है । परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि इस खदान की जनसुनवाई के दौरान कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई तथा सुझाव के रूप में वृक्षारोपण तथा शिक्षण संस्थान / ग्राम पंचायत में पेयजल / विद्युत व्यवस्था / शौचालय की व्यवस्था किये जाने के सुझाव प्राप्त हुए थे, जिनको ई.एम.पी./सी.ई.आर. में शामिल किया गया है। परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि खनन् हेतु कंट्रोल ब्लास्टिंग की जावेगी तथा खनिज परिवहन के दौरान लगातार सड़क पर जल छिड़काव किया जायेगा । परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस खदान का विवरण नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट, देवास के पेज नं.–39 के सरल क्रमांक–12 पर दर्ज है । **प्रकरण के प्रस्तुतीकरण के दौरान समिति ने पाया कि (गूगल एमेज अनुसार) इस क्षेत्र में पूर्व से पर्यावरणीय अभिस्वीकृति प्राप्त खदानों द्वारा ई.सी. की शर्तो का पालन होना परिलक्षित नहीं हो रहा है। अतः समिति की अनुशंसा है कि सिया के द्वारा यह परीक्षण कराया लिया जाये कि इस क्षेत्र में कार्यरत खदानों द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित शर्तो का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं तथा वे पर्यावरणीय अभिस्वीकृति का निमयानुसार छःमाही पालन प्रतिवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर रहे है अथवा नहीं।** परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार निम्नानुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती है :–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता स्टोन – 50,009 मी^{3} प्रति वर्ष।

2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 11.90 लाख एवं रिक्रिंग राशि रू. 03.82 लाख प्रति वर्ष ।
3. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 02.00 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 02 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

सी.ई.आर. मद में प्रस्तावित गतिविधि	राशि रू. में
सोनकच्छ पी.एच.सी. में चिकित्सीय उपकरण बाबत्	1,00,000
वन्य प्राणी अभ्यारण में वन जीव हेतु पानी की व्यवस्था (सोसर)	1,00,000
योग	**2,00,000**

4. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 4626 वृक्षों का वृक्षारोपण :–

कं.	प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियत स्थान	पौधों की प्रजातियॉ	मात्रा (संख्या में)
1.	बैरियर जोन के अंतर्गत	नीम, खमेर, सिरस, चिरोल, करंज, बबूल, कचनार, एवं अन्य स्थानीय प्रजातियां	1500
2.	गैर खनन् क्षेत्र में 03 पंक्तियों में वृक्षारोपण	खमेर, चिरोल, करंज, महुआ, सेजा, पुत्रंजीवा, नीम, एवं अन्य स्थानीय प्रजातियां	250
4.	परिवहन मार्ग तक (न्यूनतम ऊंचाई 01 मीटर)	खमेर, चिरोल, पुत्रंजीवा, करंज, जंगल जलेबी, कदम एवं अन्य स्थानीय प्रजातियां	1000
5.	ग्रामवासियो में वितरण हेतु (ग्राम पंचायत अरनिया जागीर)	नीम, आम,कटहल, मुनगा, आँवला, हर्रा, सीताफल, महुआ, नींबू, अचार, बहेरा, बेल एवं अन्य स्थानीय प्रजातियां	1575
6.	ग्राम पंचायत अरनिया के प्राथमिक शाला, आंगनवाड़ी एवं ग्राम पंचायत परिसर में	नीम, मोलश्री, कदम,एवं अन्य स्थानीय प्रजातियां	301
		कुल	4626

सिया की 762वीं बैठक दिनांक 27/12/2022 को खनन् योजना के अक्षांश–देशांश के आधार पर गूगल इमेज के अनुसार खदान क्षेत्र के दोनों ओर पूर्व 24–25 मीटर व उत्तर दिशा में 12–10 मीटर पर पक्की सड़क तथा उत्तर दिशा में 85 मीटर पर आबादी परिलक्षित हो रही है एवं खदान भी पहाड़ पर है । मान्नीय एनजीटी के ओए नं. 304/2019 एवं सीपीसीबी के दिशा–निर्देश अनुसार खनन् प्रक्रिया में नॉन ब्लास्टिंग के लिए न्यूनतम् दूरी 100 मीटर और ब्लास्टिंग के लिए न्यूनतम् 200 मीटर की दूरी के स्थानवार मापदण्ड तय है । उक्त निर्धारित दूरी 200 मीटर के मापदण्ड अनुसार उपरोक्त क्षेत्र की पर्यावरण संवेदनशीलता को देखते हुए तथा न्यूनतम् खनन् क्षेत्र उपलब्ध होने के कारण उक्त प्रकरण को निरस्त किया जाता है ।

उपरोक्त निर्णय के परिप्रेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा ई–मेल दिनांक 03/01/2023 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने का अनुरोध किया है कि खदान के दोनों और जो पक्की सड़क है उसका निर्माण क्षेत्र के कलस्टर के सभी पट्टेदार द्वारा कच्ची सड़का को पक्का कर ग्रामीण मार्ग को गॉव तक डामरीकरण द्वारा पक्का किया गया है एवं उत्तर दिशा में 85 मीटर में जो आबादी है वह इस कलक्टर में कार्यरत मजदूरी के अस्थाई मकान एवं साईट ऑफिस है एवं इस खदान के खुलने से ग्रामीणों को रोजगार भी उपलब्ध होगा एवं कलस्टर में चल रही खदान संचालकों द्वारा कहा गया है कि यदि खदान चालू होती है तो इन इस्थाई मकानों को खदान के दूसरी ओर शिफ्ट कर दिया जायेगा । अतः महोदय आपसे निवेदन है कि मेरे प्रकरण को एक बार पुनः अवलोकन परीक्षण हेतु रखा जाये एवं मुझे सभी साक्ष्य प्रस्तुत करने का एक मौका दिया जाये ।

परियोजना प्रस्तावक श्री विश्वजीत सिंह एवं उनके अधिकृत पर्यावरण सलाहकार श्री अंशुल यादव के साथ दिनांक 10/01/2023 को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होकर उक्त प्रकरण के संबंध में बताया गया कि प्रकरण में खदान के दोनों और जो पक्की सड़क है, उसका निर्माण क्षेत्र के कलस्टर के सभी पट्टेदार द्वारा कच्ची सड़क को पक्का कर ग्रामीण मार्ग को गॉव तक डामरीकरण द्वारा पक्का किया गया है एवं उत्तर दिशा में 85 मीटर में जो आबादी है वह इस कलस्टर में कार्यरत मजदूरी के अस्थाई मकान एवं साईट ऑफिस है एवं इस खदान के खुलने के ग्रामीणों को रोजगार भी उपलब्ध होगा एवं कलस्टर में चल रही खदान संचालकों द्वारा कहा गया है कि यदि खदान चालू होती है तो इस अस्थाई मकानों को खदान के दूसरी ओर शिफ्ट कर दिया जायेगा एवं प्रस्तावित खदान में ब्लास्टिंग नहीं की जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया है ।

प्रकरण में उपरोक्त तथ्यों को समिति समक्ष 635वीं बैठक दिनांक 08/04/23 को रखा गया, जिसमें परियोजना प्रस्तावक श्री विश्वजीत सिंह (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरण सलाहकार श्री राहुल यादव, (ऑनलाईन) मेसर्स अमलतास इंवायरो इण्डस्ट्रीयल कंसलटेंट, एलएलपी, गुरूग्राम हरियाणा उपस्थित हुए।

प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि खदान के दोनों और जो पक्की सड़क है, उसका निर्माण क्षेत्र के कलस्टर के सभी पट्टेदार द्वारा कच्ची सड़क को पक्का कर ग्रामीण मार्ग को गॉव तक डामरीकरण द्वारा पक्का किया गया है एवं उत्तर दिशा में 85 मीटर में जो आबादी है वह इस कलस्टर में कार्यरत मजदूरी के अस्थाई मकान एवं साईट ऑफिस है एवं यदि खदान चालू होती है तो इस अस्थाई मकानों को खदान के दूसरी ओर शिफ्ट कर दिया जायेगा । परियेाजना प्रस्तावक ने यह भी बताया कि आबादी के कारण प्रस्तावित खदान में ब्लास्टिंग नहीं की जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत दिया गया है तथा खनन् कार्य रॉक ब्रेकर के माध्यम से किया जावेगा ।

समिति ने पाया कि सेक की 608वीं बैठक दिनांक 06/12/22 में सभी पर्यावरणीय संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखते हुए प्रकरण का परीक्षण किया गया था, जिसके कार्यवाही विवरण में उल्लेखित है :–

"आवंटित खनन् क्षेत्र के दक्षिण पूर्व क्षेत्र में 200 मीटर पर आबादी, पश्चिम क्षेत्र में भी 70 मीटर पर आबादी है, दक्षिण पूर्व दिशा में 130 मीटर पर पक्का रोड़ तथा पूर्व दिशा में 10 मीटर पर कच्चा रोड़ है। प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि उनके द्वारा पुनरीक्षित अपलोडेड ई.आई.ए.

रिपोर्ट एवं खनन् योजना में ब्लास्टिंग प्रस्तावित नहीं की गई है तथा खनन् हेतु जैक हैमर / रॉक ब्रेकर का उपयोग किया जायेगा । इसी प्रकार पश्चिम क्षेत्र में भी 70 मीटर पर आबादी के कारण 30 मीटर का सेटबेक तथा पूर्व दिशा में 10 मीटर पर कच्चा रोड़ के कारण 7.5 मीटर के बेरियर जोन मे सघन वृक्षारोपण किया जायेगा । प्रस्तुतीकरण के दौरान पाया गया कि आवंटित खनन् क्षेत्र के पश्चिम दिशा में 40 मीटर की दूरी पर एक मकान है जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि यह उनका स्वंय का मकान है जो खनन् दौरान मजदूरो के आराम एवं साईट ऑफिस के रूप में उपयोग किया जायेगा जिस बाब्त उन्होने ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत बम्हनगांव ने पत्र दिनांक 21/5/22 के माध्यम से प्रमाणित किया है । परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि सेटबेक छोड़ने के बाद करीब 1.00 हे. क्षेत्र खनन् हेतु उपलब्ध होगा जो 9938 घन मीटर प्रति वर्ष के उत्पादन हेतु पर्याप्त है'' ।

समिति ने पाया कि सेक की 608वीं बैठक दिनांक 06/12/22 में उपरोक्त तथ्यों पर विचार कर ही समिति ने पर्यावरणीय अभिस्वीकृति द्वारा अनुशंसा की गई थी तथा परियोजना प्रस्तावक ने आज प्रस्तुतीकरण के दौरान यह भी बताया कि आबादी के कारण प्रस्तावित खदान में ब्लास्टिंग नहीं की जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत दिया गया है तथा खनन् कार्य रॉक ब्रेकर के माध्यम से किया जावेगा एवं अस्थाई मकानों को खदान के दूसरी ओर शिफ्ट कर दिया जायेगा । अतः समिति द्वारा 608वीं बैठक दिनांक 06/12/22 में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु की गई अनुशंसा में अतिरिक्त शर्त ''खनन् कार्य रॉक ब्रेकर के माध्यम'' एवं ''अस्थाई मकानों को खदान के दूसरी ओर शिफ्ट'' करने की शर्तो को शामिल करते हुए प्रकरण सिया को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया ।

सिया की 788वीं बैठक दिनांक 19/05/23 को चर्चा एवं विचार विमर्श उपरांत पर्यावरणीय संवेदनशीलता के दृष्टिगत निम्नानुसार निर्णय लिया गया – *''सेक की उपरोक्त बैठक में निम्नानुसार अनुशंसा नही की गई है ..... प्रकरण के प्रस्तुतीकरण के दौरान समिति ने पाया कि (गूगल इमेज अनुसार)* ***इस क्षेत्र में पूर्व से पर्यावरणीय अभिस्वीकृति प्राप्त खदानों द्वारा ई.सी. की शर्तो का पालन होना परिलक्षित नहीं हो रहा है । अतः समिति की अनुशंसा है कि सिया के द्वारा यह परीक्षण कराया लिया जाये कि इस क्षेत्र में कार्यरत खदानों द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित शर्तो का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं तथा वे पर्यावरणीय अभिस्वीकृति का नियमानुसार छःमाही पालन प्रतिवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर रहे अथवा नहीं ।''***

सिया द्वारा विस्तृत चर्चा एवं विचार विमर्श उपरांत यह पाया कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला देवास के पत्र दिनांक 21/06/21 अनुसार प्रस्तावित खदान की 500 मीटर की परिधि में कार्यरत अन्य खदानों में परियोजना प्रस्तावक के पिता श्री महिपाल सिंह की भी खदान सम्मिलित है, जिसके द्वारा भी ई.सी. की शर्तो का परिपालन सुनिश्चित् नहीं किया गया है । अतः प्रकरण को सेक को पुनः परीक्षण हेतु अग्रेषित किया गया है ।''

प्रकरण आज राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) की बैठक क्रमांक 654वीं दिनांक 16/06/23 को समिति के समक्ष रखा गया है ।

प्रकरण आज सेक की 654वीं बैठक दिनांक 16/06/23 को प्रस्तुतीकरण हेतु सूचीबद्ध था किंतु परियोजना प्रस्तावक / उनके पर्यावरणीय सलाहकार प्रस्तुतीकरण हेतु समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए अतः समिति ने निर्णय लिया कि परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तुतीकरण हेतु अंतिम अवसर देते हुए

प्रकरण आगामी बैठक में रखा जाये तथा यदि फिर भी परियोजना प्रस्तावक अनुपस्थित रहते है तो इस प्रकरण निरस्त (डिलिस्ट) करते एसईआईएए को अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा जावें।

5. <u>Case No 9239/2022 Director, M/s Pranjal Agrotech Pvt. Ltd, MIG-II, Housing Board Colony, Dist. Katni, MP - 483501, Prior Environment Clearance for Limestone & Dolomite Mine in an area of 2.109 ha. (Limestone – 11,148 Tonne per annum, Dolomite - 60102 Tonne per annum) (Khasra No. 22, 31), Village - Sejha, Tehsil - Badwara, Dist. Katni (MP) EIA Consultant: M/s. Aseries Envirotek India Pvt. Ltd. Lucknow U.P.</u>

This is case of Limestone & Dolomite Mine. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site Khasra No.22, 31), Village - Sejha, Tehsil - Badwara, Dist. Katni (MP) 2.109 ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) की बैठक क्रमांक 581वीं दिनांक 24/06/2022 में टॉर (TOR) की अनुशंसा की गई थी । राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, भोपाल द्वारा परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ई.आई.ए. रिपोर्ट राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) को ऑन लाईन प्रेषित की गई है।

प्रकरण सेक की 613वीं बैठक दिनांक 22/12/22 को प्रस्तुतीकरण हुआा था, जिसमें परियोजना प्रस्तावक श्री सुभाष चंद्र बंसल (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरणीय सलाहकार श्री अमर सिंह यादव, मेसर्स एसीरिज इंवायरोटेक इंडिया प्रा.लि., लखनऊ, उ.प्र. उपस्थित हुए । परियोजना प्रस्तावक द्वारा ऑन लाईन अपलोड माइन प्लॉन के अक्षांश–देशांस के आधार पर गूगल इमेज अनुसार प्रश्नाधीन खदान के पश्चिमी भाग से होकर एक कच्चा रोड़ निकल रहा है, जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि यह कच्चा रास्ता इस खदान तक एवं अन्य खदानों तक का पहुंच मार्ग है तथा पश्चिम दिशा में ही एक ओर वैकल्पिक मार्ग आवागमन हेतु उपलब्ध है। प्रस्तुतीकरण के दौरान पाया गया कि खनन् क्षेत्र में कुछ पिट्स हैं जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बाताया कि पूर्व में खनन् 2022 तक हुआ है, क्योंकि यह खदान 1987 में स्वीकृत हुई थी तथा वर्तमान परियोजना प्रस्तावक को वर्ष 2000 में स्थानांतरित हुई है। खदान के दक्षिण दिशा में 540 मीटर पर एक तालाब है जिस हेतु गारलेंड ड्रेन एवं सेटलिंग पिट प्रस्तावित किये गये है तथा उत्तर दिशा में 360 मीटर पर आबादी है, जिसके के कारण इस तरफ सघन वृक्षारोपण प्रस्तावित किया गया है। प्रश्नाधीन खदान में कुछ पेड़ लगे दिख रहे है, जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि कुल 04 पेड़ लगे है जिसमें से 03 बैरियर जोन में है तथा एक पेड काटा जाना प्रस्तावित है जिसके एवज् में 10 अतिरिक्त पेड़ लगाये जायेगे। परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि इस खदान की जनसुनवाई के दौरान गांव के लोगो द्वारा गांव में पेयजल की समस्या, रोड़ का रखरखाव, खदान के चारो ओर फेंसिग, आगनबाडी में लाईट एवं वृक्षारोपण हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनको उनके द्वारा ई.एम.पी./सी.ई.आर. में शामिल किया गया। परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि खनन् हेतु समय निर्धारित कर कंट्रोल ब्लास्टिंग की जावेगी तथा खनिज परिवहन के दौरान लगातार सड़क पर जल छिड़काव किया जायेगा । परियोजना प्रस्तावक द्वारा

654वीं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की बैठक
दिनांक 16 जून 2023

पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार निम्नानुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती है :–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता लाईम स्टोन – 11,148 टन प्रति वर्ष एवं डोलोमाईट – 60,102 टन प्रति वर्ष ।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 11.18 लाख एवं रिक्ररिंग राशि रू. 04.37 लाख प्रति वर्ष ।
3. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 02.00 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 02 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

सी.ई.आर.	**राशि**(रू.में)
ग्राम सेझा में पेयजल के लिए हैंड पंप की स्थापना व मरम्मत कराई जायेगी।	50,000
गावं सेझा के सरकारी स्कूल (01नग 30वॉट) व आंगनवाड़ी (01नग 30वॉट) में सोलर लाईट की व्यवस्था कराई जायेगी।	55,000
वर्ष में दो बार ग्राम लौसी में स्थानीय ग्रामीणों के लिए नियमित स्वास्थ्य शिविरों की व्यवस्था की जायेगी।	20,000
वाइल्ड लाइफ स्टाफ वेलफेयर के लिए	75,000
ग्राम सेझा के पास सड़क का रखरखाव कार्य कराया जायेगा।	ई.एम.पी. में शमिल
योग	2,00,000

1. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 2541 वृक्षों का वृक्षारोपण :–

क्रं.	प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियत स्थान	पौधों की प्रजातियॉ	मात्रा (संख्या में)
1	बैरियर जोन में	शीशम, पीपल, खमेर, नीम, चिरौल, बबूल, एवं कंरज आदि और उपलब्ध देशी प्रजातियॉं।	1000
2.	परिवहन मार्ग (न्यूनतम ऊॅचाई 01 मीटर)	बरगद, चिरौल, नीम, पीपल, करंज और अन्य स्थानीय निवासियों द्वारा सुझाई गई प्रजातियां।	200
3	ग्राम सेझा के प्राथमिक विद्यालय में	अमलतास, नीम, कचनार, पुत्ररंजीवा, मौलश्री और अन्य सजावटी पेड़ इत्यादि।	20
4	सेझा ग्रामवासियों में वितरण हेतु	बेल, इमली, आंवला, बेर, आम, अमरूद सीताफल, मुनगा और अन्य फल देने वाले स्थानीय वृक्षारोपण की प्रजातियॉ।	1221
		कुल	2541

654वीं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की बैठक
दिनांक 16 जून 2023

सिया की 765वीं बैठक दिनांक दिनांक 10/01/23 को प्रकरण में सेक द्वारा अनुशंसित 10 पौधों का क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण (कम से कम 04 फिर ऊँचाई तक के पौधों का रोपण) के लक्ष्य को पूर्ण कर स्थल के फोटोग्राफ मय अक्षांश–देशांश सहित एवं वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध जल स्त्रोत तथा प्रतिदिन जल के उपलब्ध मात्रा एवं प्रस्तावित खदान में पूर्व किये गये उत्खनन् की वर्षवार विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की किये जाने के उपरांत ही पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्रकरण पर विचार किया जायेगा ।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा परिवेश पर एडीएस दिनांक 24/01/23 के माध्यम से क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण की जानकारी प्रस्तुत कर पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान करने हेतु निवेदन किया गया है । प्राधिकरण द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श उपरांत जिला कटनी की जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट का अनुमोदन नहीं होने के कारण प्रकरण को डिलिस्ट किया गया ।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रकरण में सिया की 776वीं बैठक दिनांक 28/03/23 में निर्णित कार्यवाही के परिपालन में परिवेश पोर्टल पर ऑनलाईन एडीएस दिनांक 13/04/23 के माध्यम से अनुमोदित जिला सर्वेक्षण प्रस्तुत कर प्रकरण में पर्यावरण स्वीकृति जारी किये जाने का अनुरोध किया गया ।

सिया की 785वीं बैठक दिनांक 10/05/23 को प्रकरण में पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व परामर्श उपरांत परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत जानकारी को मान्य करते हुए प्रकरण को रिलिस्ट कर निम्नानुसार निर्णय लिया गया :–

> *''उक्त प्रकरण में लीज वर्ष 1987 से वर्ष 2007 तक स्वीकृत थी जिसे शेष अवधि हेतु वर्ष 2000 में मेसर्स प्रांजल एग्रोटेक को हस्तांतरित की गई है तथा उक्त लीज का नवकरण कर अनुबंध दिनांक 05/10/15 को निष्पादित कर दिनांक 05/03/2007 से 04/03/2037 तक लीज स्वीकृत की गई है । प्रकरण में सेक की अनुशंसा अनुसार वर्ष 2022 तक परियोजना प्रस्तावक द्वारा उत्खनन् किया गया है । चूँकि प्रकरण में परियोजना प्रस्तावक द्वारा वर्ष 2014 के उपरांत भी बिना पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त कर उत्खनन् कार्य किया गया है, जिससे कि प्रकरण वॉयलेशन की श्रेणी के अंतर्गत होना प्रतीत होता है । अतः प्रकरण पुनः परीक्षण हेत सेक को प्रेषित किया गया ।''*

प्रकरण आज दिनांक 16/06/23 को समिति के समक्ष रखा गया है, जिसमें परियोजना प्रस्तावक श्री सुभाष चंद्र बंसल (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरणीय सलाहकार श्री अमर सिंह यादव, मेसर्स एसीरिज इंवायरोटेक इंडिया प्रा.लि., लखनऊ, उ.प्र. उपस्थित हुए।

प्रकरण के परीक्षण के दौरान परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि ई.आई.ए. रिपोर्ट के चेप्टर 2 के सेक्शन 2.5.3 एवं अनुमोदित खनन योजना के पेज न0. 15 मे खदान की लेप्स अवधि 2012 से 2021–22 उल्लेखित है जबकि लिपिकीय त्रृटिवश पूर्व खनन् 2022 तक उल्लेख हो गया । अतः समिति ने चर्चा उपरांत निर्णय लिया कि अपनी पूर्व की 613वीं बैठक दिनांक 22/12/22 में पूर्व में खनन् 2022 तक हुआ है के स्थान पर पूर्व में खनन् 2012 तक हुआ है, पढ़ा जाये, शेष अन्य शर्ते यथावत रहेंगी ।

6. <u>Case No 8399/2021 Shri Vinay Rathore, Village - Prithvipur, Tehsil & Dist. Niwari, MP Prior Environment Clearance for Stone Quarry in an area of 4.0 ha. (40000 cum per annum) (Khasra No. 42), Village - Magrai, Tehsil - Mohangarh, Dist. Tikamgarh (M.P.).</u>

This is case of Stone Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site at (Khasra No. 42), Village - Magrai, Tehsil - Mohangarh, Dist. Tikamgarh (MP) 4.0 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) की बैठक क्रमांक 494वीं दिनांक 31/03/2021 में टॉर (TOR) की अनुशंसा की गई थी । राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, भोपाल द्वारा परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ई.आई.ए. रिपोर्ट राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) को ऑन लाईन प्रेषित की गई है।

प्रकरण सेक की 619वीं बैठक दिनांक 12/01/23 को प्रस्तुतीकरण हुआ था, जिसमें परियोजना प्रस्तावक श्री विनय राठौर (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरणीय सलाहकार श्री अमर सिंह यादव, मेसर्स एसीरिज इंवायरोटेक इंडिया प्रा.लि., लखनऊ, उ.प्र. उपस्थित हुए । प्रस्तुतीकरण के दौरान यह पाया गया कि आवंटित खदान पहाड़ी क्षेत्र में आवंटित है जिसमे पूर्व से एक क्रेशर स्थापित है तथा आवंटित खनन् क्षेत्र के दक्षिण–पूर्वी दिशा में 1.0 किलोमीटर पर नदी, पूर्वी दिशा में 300 मीटर पर कच्चा रास्ता तथा 70 मीटर पर जल रोकने की संरचना है । इसी प्रकार पूर्व दिशा में 70 मीटर पर कुछ शेड बने है जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि यह खनन् क्षेत्र में पूर्व से स्थापित क्रेशर प्लांट के उपयोग हेतु बनाये गये अस्थायी शेड है जो वर्तमान में उपयोग में नही है। परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस खदान में पूर्व से स्थापित क्रेशर का उपयोग उनके द्वारा नही किया जायेगा तथा उसे स्क्रेप किया जायेगा। प्रस्तुतीकरण के दौरान पाया गया कि आवंटित खनन् क्षेत्र के दक्षिण भाग से होकर एक मौसमी नाला निकल रहा है जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि नाले से 50 मीटर का सेटवेक प्रस्तुतीकरण में प्रस्तावित किया गया है तथा सेटवेक छोड़ने के बाद लगभग 2.75 हे. क्षेत्र खनन् हेतु उपलब्ध होगा जो स्वीकृत मात्रा हेतु पर्याप्त है तथा इसके संरक्षण हेतु गारलेन ड्रेन एवं सेटलिंग टैंक प्रस्तावित किए गए है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि इस खदान की जनसुनवाई के दौरान गांव के लोगो द्वारा स्कूल एवं पंचायत भवन में मरम्मत, गांव में पेयजल हेतु हेंड पंप, बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण, रोड़ का रख–रखाव एवं वृक्षारोपण हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनको उनके द्वारा ई.एम.पी./सी.ई.आर. में शामिल किया गया। परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि खनन् हेतु ब्लास्टिंग निर्धारित समय पर की जावेगी तथा खनिज परिवहन के दौरान लगातार सड़क पर लगातार जल छिड़काव किया जायेगा । परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार निम्नानुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती है :–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता स्टोन – 40,000 मी^{3} प्रति वर्ष ।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 16.11 लाख एवं रिकरिंग राशि रू. 06.40 लाख प्रति वर्ष ।

3. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 01.10 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 02 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

सी.ई.आर मद में प्रस्तावित गतिविधियॉ	राशि (रु.में)
ग्राम पंचायत जगत नगर में सबमर्सिबल के साथ एक हैण्ड पम्प उपलब्ध कराया जायेगा।	60,000/–
पंचायत भवन और ऑगनवाडी केन्द्र की मरम्मत का कार्य कराया जायेगा।	30,000/–
स्वास्थ्य विभाग से मिलकर बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण कराया जायेगा।	20,000/–
योग	1,10,000

4. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 4800 वृक्षों का वृक्षारोपण :–

कं.	**प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियत स्थान**	**पौधों की प्रजातियॉ**	**मात्रा (संख्या में)**
1	बैरियर जोन में	सिस्सू, नीम, पीपल, खमेर, चिरौल, कंरज, अन्य स्थानीय प्रजातियां ।	1200
2	परिवहन मार्ग में (न्यूनतम ऊॅचाई 01 मीटर)	नीम, पीपल, सिस्सू, बरगद, कदम, अन्य स्थानीय प्रजातियॉं।	300
3	ग्राम मियावो के शासकीय विद्यालय में वितरण हेतु	कदम्ब, अमलतास, पुंत्रजीवा सीताअशोक, नीम, मौलश्री कचनार गुलमोहर, इत्यादि।	20
4	वन विभाग के सहयोग से वन भूमि पर वृक्षारोपण किया जायेगा।	चिरौल, इमली, सीताफल, आंवला, नींबू, बेल, आम, व अन्य स्थानीय प्रजातियां	3280
		कुल	4800

सिया की 769वीं बैठक दिनांक 01/02/23 को परियेाजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत अनुमोदित माईनिंग प्लांन के अक्षांश–देशांश अनुसार प्रस्तावित खदान के दक्षिण पूर्व दिशा में 70 मीटर पर जल रोकने की संरचना परिलक्षित है । मान्नीय एनजीटी के ओए नं. 304/2019 एवं सीपीसीबी के दिशा निर्देश अनुसार खनन् प्रकिया में नॉन ब्लास्टिंग के लिए न्यूनतम् दूरी 100 मीटर और ब्लास्टिंग के लिए न्यूनतम् 200 मीटर की दूरी के स्थानवार मापदण्ड तय है, जिसके परिपालन में जल रोकने वाली संरचना से निर्धारित दूरी 200 मीटर छोड़ने के पश्चात् खनन् योग्य क्षेत्र उपलब्ध हो रहा है । अतः प्रकरण पुनः परीक्षण हेतु सेक को अग्रेषित किया जाये ।

प्रकरण को समिति की 635वीं बैठक दिनांक 08/04/23 को रखा गया । समिति ने पाया कि सेक की 619वीं बैठक दिनांक 12/01/23 में सभी पर्यावरणीय संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखते हुए प्रकरण का परीक्षण किया गया था, जिसके कार्यवाही विवरण में उल्लेखित है :–

''प्रस्तुतीकरण के दौरान यह पाया गया कि आवंटित खदान पहाड़ी क्षेत्र में आवंटित है जिसमे पूर्व से एक क्रेशर स्थापित है तथा आवंटित खनन् क्षेत्र के दक्षिण–पूर्वी दिशा में 1.0 किलोमीटर पर नदी, पूर्वी दिशा में 300 मीटर पर कच्चा रास्ता तथा 70 मीटर पर जल रोकने की संरचना है । इसी प्रकार पूर्व दिशा में 70 मीटर पर कुछ शेड बने है जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि यह खनन् क्षेत्र में पूर्व से स्थापित क्रेशर प्लांट के उपयोग हेतु बनाये गये अस्थायी शेड है जो वर्तमान में उपयोग में नही है। परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस खदान में पूर्व से स्थापित क्रेशर का उपयोग उनके द्वारा नही किया जायेगा तथा उसे स्क्रेप किया जायेगा। प्रस्तुतीकरण के दौरान पाया गया कि आवंटित खनन् क्षेत्र के दक्षिण भाग से होकर एक मौसमी नाला निकल रहा है जिसके संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि नाले से 50 मीटर का सेटवेक प्रस्तुतीकरण में प्रस्तावित किया गया है तथा सेटवेक छोड़ने के बाद लगभग 2.75 हे. क्षेत्र खनन् हेतु उपलब्ध होगा, जो स्वीकृत मात्रा हेतु पर्याप्त है तथा इसके संरक्षण हेतु गारलेन ड्रेन एवं सेटलिंग टैंक प्रस्तावित किए गए है'' ।

समिति ने पाया कि सेक की 619वीं बैठक दिनांक 12/01/23 में उपरोक्त तथ्यों पर विचार कर ही समिति ने पर्यावरणीय अभिस्वीकृति द्वारा अनुशंसा की गई थी, अतः समिति द्वारा बैठक क्रमांक 619वीं बैठक दिनांक 12/01/23 में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु की गई अनुशंसा को यथावत रखते हुए प्रकरण सिया को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

सिया की 786वीं बैठक दिनांक 11/05/23 को प्रकरण पर विस्तृत चर्चा एवं विचार–विमर्श उपरांत निर्णय लिया गया कि *''प्राधिकरण द्वारा 769वीं बैठक दिनांक 01/02/23 के निर्णयानुसार पुनः परीक्षण हेतु आपकी ओर अग्रेषित किया गया, जिसमें परियोजना प्रस्तावक द्वारा ई–मेल दिनांक 04/04/23 के माध्यम से खनन् हेतु नॉन ब्लास्टिंग शपथ–पत्र सेक को प्रस्तुत किया गया, जिसका कोई भी जिक्र सेक समिति द्वारा 635वीं बैठक दिनांक 08/04/23 के कार्यवाही विवरण में नहीं किया गया है । अतः प्रकरण पुनः परीक्षण हेतु सेक को अग्रेषित किया जाये ।''*

प्रकरण आज दिनांक 16/06/23 को समिति के समक्ष रखा गया है, जिसमें परियोजना प्रस्तावक श्री विनय राठौर (ऑनलाईन) और उनकी ओर से पर्यावरणीय सलाहकार श्री अमर सिंह यादव, मेसर्स एसीरिज इंवायरोटेक इंडिया प्रा.लि., लखनऊ, उ.प्र. उपस्थित हुए । प्रकरण के परीक्षण में पाया गया कि पूर्व में बैठक में परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन् हेतु नॉन ब्लास्टिंग शपथ–पत्र सेक को प्रस्तुत किया गया था किंतु लिपिकीय त्रुटिवश कार्यवाही विवरण में रिकार्ड नहीं हो पाया, अतः अतः समिति ने चर्चा उपरांत निर्णय लिया कि अपनी पूर्व की 619वीं बैठक दिनांक 12/01/23 में की गई अनुशंसा में खनन् रॉक ब्रेकर से किया जावेगा की शर्त जोड़ते हुए की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी ।

7. **Case No 9884/2023 M/s. Sisodia Minings Private Limited, Director, Shri Thakur Vinay Bahadur Singh, R/o Satendra Bhavan Bhatta Mohalla, Tehsil & District-Katni (MP)-483501, Prior Environment Clearance for Bhatgawan-Sunhara Quartz, Quartzite & Dolomite Deposit Quarry in an area of 4.80 ha. (Quartzite - 15,000**

Tonne/Year, - Quartz 50,000 Tonne/Year, Dolomite 1,500 Tonne /Year & Overburden - 13,450 m3/Year Tonne per annum) (Khasra No. 328/5), Village-Bhatgawan-Sunhara, Tehsil-Mudwara, District-Katni (MP)

This is case of Quartz, Quartzite & Dolomite Deposit Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 328/5), Village-Bhatgawan-Sunhara, Tehsil-Mudwara, District-Katni (MP) 4.80 ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

प्रस्तुतीकरण के दौरान समिति ने पाया कि परियोजना प्रस्तावक ने जो के.एम.एल. ऑन–लाईन अपलोड की गई है वह इमेज डी.एस.आर. के कोर्डीनेट्स से तैयार के.एम.एल. मे अंतर परिलक्षित हो रहा है। अतः समिति की यह भी अनुशंसा है, कि संबंधित खनिज अधिकारी के प्रमाणीकरण प्राप्ती उपरांत खदान के सभी को–आर्डिनेट, डी.एस.आर. से मिलान करते हुये पुनः प्रस्तुत किया जाये, तत्पश्चात् आपके प्रकरण पर विचार किया जायेगा।

प्रश्नाधीन खदान निजी भूमि पर है । परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्त जानकारी परिवेश पोर्टल पर दिनांक 30/05/23 को अपलोड कर दी गई है, जिसे समिति की आज बैठक दिनांक 16/06/23 को प्रस्तुतीकरण में रखा गया, जिसमें परियोजना प्रस्तावक श्री ठाकुर विनय बहादुर सिंह (ऑन लाईन) एवं उनकी ओर से पर्यावरण सलाहकार श्री राम राघव, मे0. ग्रीन सर्कल आई.एन.सी. बडोदरा (गुजरात) उपस्थित हुए।
प्रस्तुतीकरण के दौरान पाया गया कि अनुमोदित माइन प्लॉन में उल्लेखित अक्षांश–देशांस के आधार पर गूगल एमेज अनुसार खदान पहाड़ी पर है, जिसके दक्षिण–पश्चिम दिशा में लगभग 40 मीटर की दूरी पर कच्चा रोड़ है, इस संबंध में परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि यह एक हॉलेज रोड़ है जो कि अन्य खदानों तक पहुॅच मार्ग है । खदान क्षेत्र के अंदर 16 पेड़ लगे है, जिसमें से 04 पेड़ काटे जाना प्रस्तावित है, जिसके एवज् में अतिरिक्त 40 पेड़ लगाये जायेंगे तथा अन्य पेड़ बैरियर जोन में होने के कारण नहीं काटे जायेंगे ।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती है :–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता Quartzite - 15,000 Tonne/Year, - Quartz 50,000 Tonne/Year, Dolomite 1,500 Tonne /Year & Overburden - 13,450 m3/Year Tonne per annum.
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 20.78 लाख एवं रिक्करिंग राशि रू. 03.03 लाख प्रति वर्ष ।
3. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 01.00 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 01 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

सी.ई.आर. मद में प्रस्तावित गतिविधि	राशि रू. में
ग्रामभटगवांसुनेहारा में पानी उपलब्धता हेतु हैंडपंप लगवाया जावेगा एवं उसके आसपास पानी निकासी हेतु चारो और कंक्रीटिंग करवाकर एवं वाटरहार्वेस्टिंग के	**1,00,000/-**

लिए व्यवस्था की जावेगी	

4. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 5800 वृक्षों का वृक्षारोपण :–

कं.	प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियतस्थान	पौधों की प्रजातियॉ	मात्रा (संख्या में)
1	बैरियरजोन में	कालासिरिस, सफेदसिरिस, खमेर, महुआ, पीपल, सिस्सू, बबूल, आवला, सागौनकटहल, जंगल जलेबी, नीम, चिरोलआदिएवंअन्य स्थानीय प्रजातियाँ।	900
2	परिवहन मार्ग (पौधों की न्यूनतम् ऊॅचाई 01.5 मीटर)	नीम, पीपल, पाखर, करंज, बरगद, कदम्ब, पुत्रंजीवा, सिस्सूआदिएवंअन्य स्थानीय प्रजातियाँ ट्री–गार्ड के साथ	470
3.	माध्यमिक शाला के परिसर में उपलब्ध क्षेत्र	नीम, पीपल, करंज, कदम, पुत्रंजीवा, मोलश्री, पाखर, खमेरआदि एवंअन्य स्थानीय प्रजातियाँ	100
4.	ग्राम भटगवांसुनेहरा में निजी भूमि खसरा क्रमांक 106/2 पर पौधरोपण	नीम, पीपल, आम, जामुन , जामफल,करंज, कदम, पुत्रंजीवा, मोलश्री, पाखर, खमेरआदि एवंअन्य स्थानीय प्रजातियाँ	1000
5.	ग्रामीणों में पौधों का वितरण	मूंगा, आम, जामुन, अमरुद, सीताफल, आमला, अनार, निम्बू, कटहलआदिंअन्य स्थानीय प्रजातियाँ	3730
		कुल	**5800**

8. <u>Case No 9828/2023 Shri Shashank Chauhan, Owner, Niwasi Hanuman, Ganj, District-Katni (MP)-483501, Prior Environment Clearance for Dang Flag Stone (Farshi Pathhar) Quarry in an area of 2.00 ha. (2200 Cum per annum) (Khasra No. 1274 Part) Village-Dang, Tehsil-Rithi, District-Katni (MP)</u>

This is case of Flag Stone. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 1274 Part) Village-Dang, Tehsil-Rithi, District-Katni (MP) 2.00 ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

प्रकरण सेक की 642वीं बैठक दिनांक 04/05/23 को प्रस्तुत हुआ था, जिसमें परियोजना प्रस्तावक श्री शशांक चौहान ओर उनकी ओर से पर्यावरण सलाहकार श्री वरूण भारद्वाज मे0. अमलतास इंवारो

इंडस्ट्रीयल कंसलटेंट्स एल.एल.पी. गुरूग्राम (हरियाण) उपस्थित हुए। प्रकरण में परीक्षण में पाया गया कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) पत्र क्रमांक 2763 दिनांक 05/12/2023 अनुसार प्रस्तावित खदान के 500 मीटर की परिधि में कोई 01 खदान स्वीकृत/संचालित होने की जानकारी दी गई है, जिनका कुल रकबा 03.80 हे0. है जो कि 05.00 हे. से कम होता है, अतः प्रश्नाधीन प्रकरण बी–2 श्रेणी के अंतर्गत आता है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा माईन प्लॉन के अक्षांश–देशांश के आधार पर गूगल इमेज अनुसार एक कच्चा रोड़ दक्षिण–पूर्व दिशा में 28 मीटर की दूरी पर है । परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि प्रस्तावित खदान फ्लैग स्टोन का होने के कारण ब्लास्टिंग प्रस्तावित नहीं है । परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस खदान का विवरण जिले की अनुमोदित नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज नं.–69 के सरल क्रमांक–38 पर दर्ज है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती हैः–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता फ्लेग स्टोन – 2200 मी^{3} प्रति वर्ष।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 03.33 लाख एवं रिक्करिंग राशि रू. 01.50 लाख प्रति वर्ष ।
3. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 0.30 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 01 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

सी.इ.आर. मद से प्रस्तावित गतिविधि	राशि (रु. में)
